>

Title: Need to take necessary measures for economic and educational upliftment of minority communities in Bhiwandi parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी में अल्पसंख्यकों के हितों में आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति में बेहतर सुधार की आवश्यकता है। महाराष्ट्र राज्य शासन द्वारा जितना संभव हो सकता है उतना विकास किया जा रहा है। लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों में उनकी आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति को सुधारे जाने हेतु केन्द्र शासन से विशेष मदद की आवश्यकता है। अल्पसंख्यकों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है।

अतएवं, माननीय अल्पसंख्यक मंत्री जी से मांग है कि भिवंडी में अल्पसंख्यकों की आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति में सुधार हेतु विशेष कदम उठाए जाए।